Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding damage caused by annual flood in river Ganga in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-Laid

श्री अशोक कुमार रावत (**मिश्रिख**): उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां-बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है । यहाँ पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी-परसौला छिबरामऊ सहित काफी गाँवों की न केवल फसल बरबाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वे आवासविहीन हो जाते हैं । ऐसी स्थिति में कृषि उपज बरबाद होने पर जहाँ उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है वहीं वे बेधर भी हो जाते हैं ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराने, पानी का कटान तथा फैलाव रोकने, आवासहीन ग्रामीणों को आवास की व्यवस्था कराए जाने तथा प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने हेतु एक बांध मेंहदीघाट से होते हुए राजघाट सड़िया पुल तक केन्द्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता है, तब तक कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

धन्यवाद सहित,